## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा नेत्री की बेटी धड़ल्ले से चला रहीं अवैध क्लिनिक

भिंड। मध्य प्रदेश के भिंड जिले के दबोह में ग्वालियर की भाजपा नेत्री की बेटी और दतिया जिले में पदस्थ डॉक्टर हेमा बघेल द्वारा अवैध क्लिनिक चलाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों ने इस अवैध गतिविधि को लेकर शिकायत की है, लेकिन प्रशासन अब तक मौन है। दरअसल, दतिया जिले के भांडेर तहसील के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोहन गांव में डॉ. हेमा बघेल पदस्थ हैं, जो दबोह कस्बे में विगत दो वर्षों से अवैध क्लिनिक चला रही हैं। यह क्लिनिक ड्यूटी समय के दौरान भी संचालित हो रहा है। दबोह कस्बे में डॉक्टर के क्लिनिक के प्रचार-प्रसार के लिए जगह-जगह पोस्टर और बैनर भी लगे हुए हैं।

### फर्जी अनुबंध पर जमीन बेचने का बनाया दबाव

**ग्वालियर।** ग्वालियर में अलग-अलग तरीके से लोगों के साथ ठगी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। ऐसे ही एक ठगी के मामले में पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर फर्जी पांच ठगों के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज किया है। आरोपियों फर्जी अनुबंध के आधार पर महिला पर रजिस्ट्री कराने का दबाव बना रहे थे। जिसकी शिकायत पीड़ित ने थाने पहुंचकर की थी, उसी शिकायत और जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों पर मामला दर्ज किया है। फिलहाल सभी आरोपी अभी फरार है जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस उनके संबंधित ठिकानों पर दबिश दे रही है। मुरार थाना प्रभारी मदन मोहन मालवीय ने बताया कि कल्पना नगर मुरार निवासी प्रीति गर्ग ने शिकायत की थी। बताया था कि उसकी सुनारपुरा में 6 बीघा 10 बिस्वा जमीन है।

### 21 दिसम्बर को रेल मंत्री 101 रेल कर्मियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से पुरस्कृत करेंगे

जबलपुर। भारतीय रेल द्वारा 101 कर्मचारियों और अधिकारियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार देने का निर्णय लिया गया है। दिनांक 21 दिसंबर, 2024 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय को लेखा विभाग तथा कार्मिक विभाग की शील्ड प्रदान कर उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित करेंगे द्व इसके साथ ही पश्चिम मध्य रेल से अधिकारी श्री वांछित खरे, वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर एवं कर्मचारी श्री दानिश शहाब, सीनियर सेक्शन इंजीनियर भी अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किये जाएँगे।

### रीवा में बदमाश बोले-मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ेंगे; पीटकर रुपए छीने

# पिकनिक स्पॉट पर युवक-युवती को निर्वस्त्र किया, वीडियो बनाया

**रीवा ■ निसं**

रीवा में पिकनिक स्पॉट पूर्वा वाटरफॉल पर बदमाशों ने युवक-युवती को निर्वस्त्र कर पीटा और उनसे रुपए छीन लिए। बदमाशों ने इसका वीडियो भी बनाया और वायरल कर दिया। पुलिस के मुताबिक ये घटना 5 से 6 दिन पुरानी है। हालांकि युवक-युवती ने अभी तक इस मामले में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। लेकिन वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने इस पर संज्ञान लिया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में जांच कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि वाटरफॉल पर युवक-युवती को अकेले देखकर चार बदमाश वहां पहुंच गए। उन्होंने रुपए की डिमांड कर युवती से गलत हरकत की कोशिश की। उसके पास रखे रुपए छीन लिए। इसके बाद और पैसों की डिमांड की।

पैसे नहीं देने पर दोनों को निर्वस्त्र कर दिया और वीडियो बनाया। बदमाशों ने कहा कि तुम लोगों को दुनिया में मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ेंगे। युवक-युवती बदमाशों से उन्हें छोड़ने की गुहार लगाते रहे। लेकिन उन्होंने एक न सुनी।

पुलिस के मुताबिक वीडियो कथित तौर पर पूर्वा वाटरफॉल का है। जबकि पीड़ित की ओर से बताया गया कि वीडियो क्योंटी वाटरफॉल का है। युवक-युवती पिकनिक स्पॉट में अकेले में बैठे हुए थे। आरोपियों ने वीडियो बनाते हुए धमकाया। पीड़िता ने भास्कर रिपोर्टर को बताया कि मैं अपने दोस्त के साथ पूर्वा वाटरफॉल घूमने गई थी। हम दोनों एकांत में बैठकर कुछ बातें कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से चार बदमाश



आ पहुंचे। उन्होंने हमारे साथ बदतमीजी शुरू कर दी। फिर हमें कपड़े उतारने के लिए फोर्स किया। चट्टान के पीछे ले जाकर जबरन हमारे कपड़े उतरवाए। वे लगातार वीडियो बना रहे थे।

मैंने उनसे कहा कि मैं आप सबके पांव पकड़ती हूं। मेरा वीडियो मत बनाओ। लेकिन वे लगातार अभद्रता करते रहे। मारपीट करने के साथ ही लगातार जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे। मैंने उनसे कहा कि आपको जो चाहिए वह ले लीजिए। लेकिन मुझे छोड़ दीजिए, पर उन्हें हमारे ऊपर बिल्कुल भी तरस नहीं आया। वीडियो भी बनाया और वायरल भी किया।

पीड़ित युवक ने बताया कि आरोपियों ने मेरी दोस्त और मेरा अश्लील वीडियो बनाया। हमने उनके पैर पकड़ लिए। लेकिन उन्हें बिल्कुल भी रहम नहीं आया। वे बार-बार कह रहे थे कि पैसे निकालो, पैसे निकालो। उन्होंने हम दोनों को नग्न कर वीडियो बनाया। शर्मिंदगी की वजह से हम अपना मुंह छिपाते रहे। पीड़ित युवक ने कहा कि हमारे पास लगभग 5 हजार रुपए थे। वह पैसे हमने उन्हें दे दिए। लेकिन वे कहने लगे कि और पैसे लेकर आओ। नहीं तो तुम्हें पूरी दुनिया में इतना बदनाम कर देंगे कि कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं रहोगे। घर-परिवार में भी उठना बैठना मुश्किल हो जाएगा।

अगर हमें मालूम होता कि हमारे साथ कुछ ऐसा होने वाला है। तो हम बिल्कुल भी उस जगह पर नहीं जाते। बदनामी के डर से हमने पुलिस में शिकायत नहीं की। लेकिन आरोपियों ने हमारा वीडियो वायरल कर ही दिया। हमारी जिंदगी नर्क बना दी। उन्होंने तो हमारी इज्जत नीलाम कर दी।

एसपी विवेक सिंह ने बताया कि एक आपत्तिजनक वीडियो संज्ञान में आया है। इसके बारे में यह बताया गया है कि वीडियो 5 से 6 दिन पुराना है। इस पर हमने संज्ञान लिया है। घटनाक्रम की जांच कर रहे हैं। अभी तक कोई शिकायत नहीं की गई है। हम युवक-युवती को अपने सोर्स के जरिए बुलवा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक युवक-युवती कपल्स हैं। जो पहले से आपत्तिजनक हालत में थे। आरोपियों ने इसी बात का फायदा उठाकर वीडियो बनाया और पैसे छीने।

## एमपीपीएससी के अफसरों से 2 बार की बातचीत बेनतीजा लिखित आश्वासन नहीं मिला तो हड़ताल पर डटे

**इंदौर ■ निसं**

एमपीपीएससी अभ्यर्थियों का प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। गुरुवार की रातभर छात्र मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के दफ्तर के बाहर कड़ाके की ठंड में बैठे रहे। शुक्रवार को आंदोलन कर रहे स्टूडेंट के बीच एक छात्रा बेहोश हो गई थी, जिसे मौजूद साथी स्टूडेंट अस्पताल ले गए।

शुक्रवार शाम से देर रात तक 2 बार अभ्यर्थियों की एमपीपीएससी अधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिसमें कोई समाधान नहीं निकलने पर अभ्यर्थी हड़ताल पर डटे हैं। अभ्यर्थी रणजीत ने बताया कि हम एमपीपीएससी के सचिव से लिखित में आश्वासन लेना चाहते थे, जिसके लिए वे तैयार नहीं थे।



इसके चलते बैठक में कोई निर्णय नहीं निकला।

गुरुवार को दिन में पुलिस प्रदर्शनकारियों का माइक और स्पीकर भी छीन कर ले गई थी। शाम को यूनियन के सदस्य और अभ्यर्थी आयोग के अधिकारियों से भी मिले, लेकिन मांगों को लेकर कोई निराकरण नहीं होने पर अरविंद और राधे जाट आमरण अनशन पर बैठ गए थे। वहीं, यूनियन के नेशनल कमेटी मेंबर और अनशन पर बैठे राधे जाट ने एक वीडियो जारी कर अपील की थी कि अभ्यर्थी और स्टूडेंट्स अपने साथ चूड़ियां लेकर आएं।

विभिन्न मांगों को लेकर एमपीपीएससी अभ्यर्थियों ने बुधवार सुबह 10 बजे डीडी पार्क से नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन के बैनर तले अभ्यर्थियों ने एमपीपीएससी न्याय यात्रा निकाली थी। हजारों अभ्यर्थी इसमें शामिल हुए थे।

यात्रा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के दफ्तर के बाहर खत्म हुई थी। अपनी मांगों को लेकर अभ्यर्थी आयोग के अधिकारियों से चर्चा कर अपनी मांगें मनवाना चाहते थे। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अभ्यर्थी आयोग के दफ्तर के बाहर ही धरने पर बैठ गए थे। बुधवार की रातभर भी अभ्यर्थी दफ्तर के बाहर बैठे रहे। गुरुवार को दिनभर भी अभ्यर्थियों का धरना प्रदर्शन जारी रहा।

## लोकार्पण के बाद भी बिल्डिंग पर ताला लटका

**सीहोर।** शासकीय जिला अस्पताल परिसर में नवनिर्मित भवन के लोकार्पण को दो माह बीत चुके हैं, लेकिन यहां मरीजों का उपचार शुरू नहीं हुआ। लोकार्पण के बाद से ही भवन में ताले लगे हैं और नई बिल्डिंग अभी तक अस्पताल प्रबंधन को हेंडओवर नहीं की गई है। जिला चिकित्सालय में 150 बेड की नई बिल्डिंग 31 करोड 8 लाख रुपए की लागत से तैयार की गयी थी। जिसमें 50 बिस्तर क्रिटिकल केयर यूनिट की हैं। 15 अक्टूबर को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर, सीहोर विधायक सुदेश राय, नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर भवन का लोकार्पण किया था। आनन-फानन में भवन का लोकार्पण तो कर दिया गया लेकिन दो माह बाद भी यहां अस्पताल प्रारंभ नहीं हो सका है।

## ठंड में पिकनिक पर निकली बाघ फैमिली, एक ने सेंकी धूप तो दूसरे ने पेड़ पर चढ़कर की कसरत



**पन्ना ■ निसं**

देश और दुनिया में बाघों की बढ़ती हुई संख्या के लिए विख्यात मध्यप्रदेश का पन्ना टाइगर रिजर्व इन दिनों पर्यटकों की पहली पसंद बना हुआ है। इसका कारण पन्ना टाइगर रिजर्व आने वाले पर्यटकों को आसानी से बाघों का दीदार होना है। इसी बीच आज एक बार सैलानियों को रोमांचित कर देने वाला नजारा दिखा। दरअसल, शनिवार सुबह पन्ना टाइगर रिजर्व से एक रोमांचित करने वाला वीडियो सामने आया है। जिसमें दो बाघ सुबह के समय धूप लेते और पेड़ पर चढ़ने का प्रयास कर रहे है और फिर पास ही में बने नाले में पानी पी कर अठखेलियां कर रहे है। जंगल सफारी के दौरान पर्यटकों ने इस शानदार नजारे का अपने मोबाइल में कैद किया और वीडियो बना लिया। जो अब शोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है।

वहीं नया वर्ष आने के पूर्व ही पीटीआर में बुकिंग फुल चल रही है। अभी से ही लोग नए साल पर पीटीआर की बुकिंग कर अपना नया वर्ष मनाने की प्लानिंग कर रहे है और पर्यटकों की पहली पसंद पन्ना टाइगर रिजर्व बना हुआ है।

## तीसरी लाइन कार्यों के चलते गाड़ियां प्रभावित

**जबलपुर ■ निसं**

उत्तर मध्य रेलवे झाँसी मंडल पर तीसरी लाइन सम्बन्धी कार्यों के चलते पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली कुछ गाड़ियों का मार्ग परिवर्तित किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है -

मार्ग परिवर्तित गाड़ियाँ गत २० दिसम्बर को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 12644 निजामुद्दीन-तिरुवनन्तपुरम एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 12708 निजामुद्दीन - तिरुपति एवं गाड़ी संख्या 12808 निजामुद्दीन विशाखापट्टनम एक्सप्रेस मथुरा - बीना के बजाय परिवर्तित मार्ग अर्थात मथुरा - बयाना- सोगरिया - रुठियाई - बीना होकर गंतव्य को जायेंगी। .दिनांक 20 दिसम्बर एवं 21 दिसम्बर को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 12780 निजामुद्दीन-वास्को-डिगामा एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 12626 नई दिल्ली - तिरुवनन्तपुरम एवं गाड़ी संख्या 12628 नई दिल्ली - बेंगलुरु सिटी एक्सप्रेस गाड़ी मथुरा - बीना के बजाय परिवर्तित मार्ग अर्थात मथुरा - बयाना- सोगरिया - रुठियाई - बीना होकर गंतव्य को जायेंगी। दिनांक 20 दिसम्बर से 22 दिसम्बर को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 12191 निजामुद्दीन - जबलपुर एक्सप्रेस मथुरा - बीना के बजाय परिवर्तित मार्ग अर्थात ग्वालियर - गुना - बीना होकर गंतव्य को जाएगी ।दिनांक 20 दिसम्बर से 22 दिसम्बर को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 12618 निजामुद्दीन - एर्नाकुलम एक्सप्रेस मथुरा-भोपाल के बजाय परिवर्तित मार्ग अर्थात ग्वालियर - गुना -रुठियाई-मक्सी-भोपाल होकर गंतव्य को जाएगी

### नर्सिंग घोटाले में सरकार का बड़ा एक्शन

## एचसी की फटकार के बाद हटाई गईं रजिस्ट्रार अनीता चांद, अब इन्हें मिली जिम्मेदारी

**जबलपुर ■ अमृत दर्शन**

नर्सिंग घोटाले में सरकार का बड़ा एक्शन लिया है. हाईकोर्ट की फटकार के बाद रजिस्ट्रार अनीता चांद पद से हटाई गया है. वहीं काउंसिल के सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित करने के भी निर्देश विभाग ने दिए हैं.

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा था कि आदेश के बाद भी अब तक इन दोनों को पद से क्यों नहीं हटाया गया है. याचिका में अनीता चांद पर मामले से जुड़े दस्तावेज गायब करने का भी आरोप है. आरोप की पुष्टि के लिए हाईकोर्ट ने काउंसिल ऑफिस के 14 दिसंबर से 19 दिसंबर तक के सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित करने दिए निर्देश हैं. वहीं, कृष्ण कुमार रावत, राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रजिस्ट्रार का प्रभार संभालेंगे.



बता दें कि नर्सिंग घोटाला मामले में गुरुवार को लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की जनहित याचिका के साथ अन्य सभी नर्सिंग मामलों की सुनवाई के दौरान आदेश का पालन न होने पर हाइकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई थी. जिसके चलते सरकार हरकत में आई और देर रात हाईकोर्ट के आदेश का पालन करते हुए काउंसिल के दोनों अधिकारियों को हटाया गया। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में राज्य सरकार को यह भी निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ता ने रजिस्ट्रार अनीता चांद पर आरोप लगाए हैं कि उन्होंने 14 दिसंबर को नर्सिंग काउंसिल के कार्यालय से जरूरी दस्तावेज और फाइलें गायब की हैं. इसकी पुष्टि के लिए हाइकोर्ट ने काउंसिल ऑफिस के 14 दिसंबर से 19 दिसंबर तक के सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित करने के लिए कहा है.बैठक में शामिल होने जा रहे हैं ये लोग एक बड़ी योजना कार्य करेंगे और यहां पर एक राजनीतिक पार्टी के गठन के लिए भी एकमत होकर समर्थन देंगे।

## इंदौर में वाहनों की संख्या 32 लाख के पार मप्र में गाड़ियां रजिस्ट्रेशन मामले में सबसे आगे

**इंदौर ■ निस.**

इंदौर एक नया कीर्तिमान रचने जा रहा है। पहली बार ऐसा होगा जब इंदौर आरटीओ में 2 लाख से अधिक वाहन रजिस्टर्ड होंगे। बीते साल यह आंकड़ा 1 लाख 90 हजार तक पहुंचा था। पिछले साल का यह रिकार्ड अब टूट चुका है।

मप्र के ऑटोमोबाइल सेक्टर को उम्मीद है कि इस बार इंदौर 2 लाख से ज्यादा गाड़ियां बेचकर एक नया परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस साल बुधवार तक 1 लाख 93 हजार 801 वाहन इंदौर आरटीओ में रजिस्टर्ड हो चुके हैं, जबकि बीते साल एक जनवरी से लेकर 31 दिसंबर तक यह आंकड़ा 1 लाख 90 हजार 297 था। अभी भी इस साल के खत्म होने में 12 दिन बाकी हैं। इससे तय है कि यह आंकड़ा दो लाख पार हो जाएगा। ऑटोमोबाइल एक्सपर्ट मनोहर यादव ने बताया कि ईयर एंड के ऑफर के चलते कई कार कंपनियां 50 हजार से लेकर डेढ़ लाख तक का डिस्कांउट दे रही हैं, जिससे उम्मीद है कि इस बार इंदौर सारे रिकॉर्ड तोड़ेगा। बता दें कि इंदौर में वाहनों की संख्या अब 32 लाख 25 हजार से ज्यादा हो गई है जो की इंदौर के वोटर से ज्यादा है। इंदौर में वोटर की संख्या लगभग 28 लाख हैं।

इंदौर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के जॉइंट सेक्रेटरी विशाल पमनानी ने बताया कि इस साल ऑटोमोबाईल सेक्टर में 17 से 18 प्रतिशत की ग्रोथ देखने को मिल रही हैं। क्योंकि इस साल रविवार तक 1 लाख 90 हजार से ज्यादा गाड़ी रजिस्टर्ड हो चुकी थी। वहीं अगले 15 दिन में 10 हजार गाड़ी ओर रजिस्टर्ड होगी तो यह पहली बार होगा जब इंदौर में इतनी बड़ी संख्या में नई गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन को देखेंगे। वहीं आने वाले तीन महीने हमारे सर प्लस रहेंगे, इस लिहाज से देखा जाए तो 17 से 18 प्रतिशत की ग्रोथ रहेगी।

यह दवा अमूल्य है

खूनी बवासीर के मरीजों के लिये आवश्यक सूचना

1. क्यान खूनी बवासीर से पीड़ित है।
2. डाक्टरों, हकीमों और वैद्यों का ईलाज करा-करा कर थक गये हैं।
3. निरंतर खून आने से शरीर अत्यंत दुर्बल और कमजोर हो जाता है।

तो आइये मात्र 6 पुड़िया आपके जीवन को चिंताओं से मुक्त कर सकती है और आप फिर से पूर्ण मस्ती के साथ जीवन व्यतीत करने के लिये सक्षम हो सकते हैं।
तो आज ही हमारे निम्न पते पर आये और नि:शुल्क दवा प्राप्त करें।

दैनिकअमृत दर्शन
6, पत्रकार नगर कोलार रोड, भोपाल-462003, मो. 9827054436

### महिलाओं सहित एक दर्जन से ज्यादा घायल, तीन की हालत गंभीर

## जबलपुर में कुर्सी पर बैठने के विवाद में खूनी संघर्ष दो परिवारों में चले लाठी-डंडे

**जबलपुर ■ निसं**

जबलपुर से करीब 35 किलोमीटर दूर बूढ़ी कोनी गांव में कुर्सी पर बैठने के विवाद में दो परिवारों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। घटना में दोनों ही परिवारों के एक दर्जन से ज्यादा महिला-पुरुष घायल हुए है। तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को पाटन स्वास्थ्य केंद्र और जबलपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। पाटन थाना पुलिस ने दोनों परिवारों के खिलाफ मारपीट, हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जबलपुर के बूढ़ी कोनी गांव में शुक्रवार रात मोहन यादव अपने घर के बाहर कुर्सी पर बैठकर आग ताप रहे थे। उस दौरान दीपक



यादव अपने रिश्तेदार के साथ वहां से गुजर रहा था। पड़ोस में रहने वाला रमेश बर्मन कुर्सी पर बैठा था। उसे देखकर दीपक ने कहा, ये देखो अब ये भी कुर्सी पर बैठते हैं। इतना बोलते हुए दीपक ने रमेश से खड़े होने को कहा। जिसका बर्मन परिवार ने विरोध किया। इस पर दीपक ने अपने चाचा और पिता को फोन लगाकर बुला लिया। विवाद बढ़ता देख गांव में भारी भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने दोनों परिवारों को समझाते हुए विवाद शांत करवाया। रात करीब साढ़े 12 बजे यादव और बर्मन परिवार के बीच फिर से लड़ाई होने लगी। दोनों परिवार आमने-सामने आ गए। रात साढ़े 12 बजे दीपक ने चाचा कुंवर राव, पिता मोहन यादव सहित करीब छह से सात लोगों के साथ मिलकर रमेश बर्मन पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए रमेश के परिवार वालों ने भी हमला कर दिया। इस घटना में मोहन यादव,दीपक यादव, कुंवर यादव, राजकुमार यादव सहित चार लोग घायल हुए हैं।

